Chapter- 13

# सूरज

WORKSHEET

१. कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

रिमझिम रिमझिम बरसा पानी,
देखो आ गई वर्षा रानी।
काले-काले बादल गरजे,
झम-झमाझम, जमकर बरसे ।।

मैं भी आऊँ तुम भी आओ,
बारिश में सब खूब नहाओ।
कागज़ की सब नाव बनाओ,
मिलकर पानी में तैराओ।

क) खाली स्थान भरिए।

i) मिलकर पानी में कागज़ की नाव तैराओ।

ख) कविता से समानलय वाले शब्द छाँटकर लिखिए।

i) पानी - रानी

ii) आओ - नहाओ

ग) प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

i) रिमझिम – रिमझिए क्या बरसे ?

उ: रिमझिम - रिमझिम पानी बरसे ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ii) बारिश न हो तो क्या होगा ?

उ: बारिश न हो तो पेड़ मर जाएगें।

२. वाक्य बनाइए।

क) आसमान - आसमान पर काली घटाएँ छाई थीं।

ख) सूरज - धरती सूरज की परिक्रमा करती है।

ग) धरती - धरती हमारी माता है।

घ) बादल - आज कई दिन बाद बादल हटे थे।

३. **सही वर्तनी पर घेरा लगाइए।**

क) थपैड़े / थपेड़े

ख) इंद्रधनुष / इद्रधनूष

ग) वर्षा / वर्षां

घ) नितय / नित्य

४. **दिए गए शब्दों के समानर्थक शब्द लिखिए।**

क) पथ - मार्ग

ख) दुख - कष्ट

ग) खुश - आनंद

घ) नित्य - सदा

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

५. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) सरदियों में सूरज छिप जाने पर सबका मन क्या हो जाता है?

उ: सरदियों में सूरज छिप जाने पर सबका मन दुखी हो जाता है।

ख) धरती पर ऋतुएँ कौन लेकर आता है?

उ: सूरज धरती पर ऋतुएँ लेकर आता है।

ग) सूरज हमें रोज़ कब जगाता है?

उ: सूरज हमें रोज़ प्रातः जगाता है।

घ) वर्षा के बाद सूरज निकलने पर क्या दिखता है?

उ: वर्षा के बाद सूरज निकलने पर इंद्रधनुष दिखता है।

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow